## युवक की माइंस में डूबने से हुई मौत

**आसींद, (निसं)।** शनिवार बदनोर थाने के अंतर्गत ओजियाडा पंचायत के भाटिया का बाडिया के पास माइंस में नहाते समय पैर फिसलने से युवक की मौत हो गई। बदनोर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि ओजियाडा गांव से शुक्रवार देर शाम को सूचना मिली थी की कोई बालक माइंस में गिर गया मौके पर थाना प्रभारी सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। लगभग 4 घंटे की मश्कत के बाद शव को बहार निकाला एवम बदनोर मोर्चरी में रखवाया वही बताया गया कि ओजियाडा निवासी निर्मल उर्फ राधा किसन सिंह रावत पिता सोहन रावत उम्र 20 वर्ष की मौत हो गई। वही शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपूर्द किया गया। वही ग्रामीणों ने बताया की बंद पड़ी मानसून में जगह-जगह पानी भरा होने के कारण आए दिन हद से हो रहे हैं वहीं माइंस के चारों तरफ नहीं तो तारबंदी है इस कारण आए दिन हादसे से होते हैं। सरपंच प्रतिनिधि नारायण सिंह ने बताया कि मृतक राधा कृष्ण के तीन भाई हैं जिसमें से सबसे छोटा यही था मजदूरी करता था वहीं पिता कोरोना काल में मौत हो गई थी।

# ढाई लाख कीमत के मोबाइल बरामद किये

### सैल ने 15 मोबाइलों को मालिकों को लौटाया



शाहपुरा पुलिस अधीक्षक राजेश कांवत के हाथों मोबाइल धारकों को गुम हुए बरामद मोबाइल लौटाये।

**शाहपुरा, (निसं)।** नवगठित शाहपुरा जिला बनने के बाद साइबर सैल अपने कार्यों के प्रति सजग व सतर्क है। सतर्कता को लेकर साइबर सैल ने जिले में चौथी बार गुम हुए 15 मोबाइलों को ढूंढ निकाला और शाहपुरा पुलिस अधीक्षक राजेश कांवत के हाथों मोबाइल धारकों को गुम हुए बरामद मोबाइल लौटाये।

पुलिस अधीक्षक कांवत ने बताया कि अलग-अलग समय में अलग-अलग प्रार्थीयों द्वारा प्राप्त शिकायत तथा ऑनलाइन सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज हुई। अधीक्षक कांवत ने इस संदर्भ में साइबर सैल प्रभारी मुकेश कुमार मीणा की अगुवाई में टीम का गठन किया, जिसमें राधेश्याम, विष्णु कुमार, सूर्यवीर सिंह, लालाराम, राकेश कुमार व टीम ने आईएमईआई कॉल डिटेल व सीईआईआर पोर्टल की सहायता से गुम हुये मोबाइलों की तलाश की औऱ क्षेत्र व राजस्थान के कई जिलों से गुम हुये मोबाईल बरामद किए।

एसपी के हाथों अपने मोबाइल पाकर प्रार्थियों के चहरे खिल उठे। सभी ने शाहपुरा पुलिस की प्रशंसा करते हुए अधीक्षक व सेल प्रभारी का आभार जताया। अधीक्षक ने बताया गुम हुए बरामद मोबाइलों की बाजार में कीमत 2.62 लाख रुपये है। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में साइबर सेल के कांस्टेबल समर्थ कुमार का विशेष योगदान रहा।

## पुरानी पेंशन को लेकर रेलकर्मियों का प्रदर्शन

**बिजयनगर, (निसं)।** नई पेंशन योजना को खत्म करने और पुरानी गारंटीड पेंशन योजना की बहाली के लिए ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन के आ ान पर नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन अजमेर मंडल के बैनर तले बिजयनगर स्टेशन पर जोधपुर रतलाम एक्सप्रेस पर सैकड़ो कर्मचारियों ने शोक नहीं मजबूरी है,पुरानी पेंशन जरूरी है के नारे लगाते हुए विशाल प्रदर्शन किया। जिसमें नसीराबाद शाखा के कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश मीणा एवं उपाध्यक्ष रोहिताश गुर्जर ने बताया कि नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन निरंतर पुरानी पेंशन योजना के लिए संघर्षरत है और जब तक कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की बहाली नहीं होगी तब तक सभी कर्मचारी एकजुट होकर अपने संघर्ष की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे इससे पूर्व में भी संगठन द्वारा निरंतर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करवाने के लिए मंडल व शाखा स्तर पर धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल किया गया है और भविष्य में भी ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन के निर्देशानुसार अपने संघर्ष को जारी रखेंगे।

## सार-समाचार

### लहरिया उत्सव को लेकर सभा आयोजित

**अजमेर, (कासं.)।** ब्रजस्थ मैथिल ब्राह्मण महिला समाज द्वारा आगामी 28 जुलाई 2024 को आयोजित " सावन महोत्सव - लहरिया उत्सव " के सन्दर्भ मे शिव मंदिर, नगरा, अजमेर मे एक सभा आयोजित की गई जिसमें महोत्सव मे होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय किया गया कि कार्यक्रम " सीता कुटीर " यूनियन बैंक के पास, आदर्शनगर मे किया जायेगा कार्यक्रम का समय अपरान्ह 3 बजे से सांयकाल 7 बजे तक रहेगा । कार्यक्रम सिर्फ महिलाओं के लिए रहेगा जिसकी एंट्री फीस 250/- रूपये होगी उसके लिए एक कूपन जारी किया जायेगा उसके द्वारा ही कार्यक्रम मे प्रवेश मिल पायेगा। कार्यक्रम मे होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूप रेखा भी तैयार की गई। सभा मे सचिव राकेश शर्मा, ईश्वर दत्त, मनोज मिश्रा, रमा मिश्रा, सीमा पाठक, सीमा मिश्रा, भावना शर्मा, दीपाली शर्मा, नीलू शर्मा, कुसुमलता शर्मा, ललिता शर्मा, विनीता शर्मा, महिमा शर्मा, प्रेरणा शर्मा, शिल्पी शर्मा, शीतल झा, नीरू शर्मा आदि महिला शक्ति मौजूद रही।

### देवनानी आज भीलवाड़ा दौरे पर

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी 14 जुलाई को अजमेर से प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे भीलवाडा पहुचेगें। विधानसभा अध्यक्ष 14 जुलाई शनिवार को साय 6 बजे श्री गौसेवा मित्र मंडल एवं पर्यावरण संरक्षण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित सी.एन.जी एम्बुलेंस गौसेवा रथ के शुभारंभ समारोह में भाग लेंगे।

## कांग्रेस आने वाले चुनाव मे ओर मजबूत होगी: पीसीसी सचिव खान

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व अजमेर शहर प्रभारी रूबी खान ने कहा कि कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं। पिछले दस साल में कांग्रेस की स्थित सुधरी, ये मिलकर चुनाव लड़ने का परिणाम है। यहां सब राहुल गांधी के साथ है, सभी राहुल गांधी के सिपाही हैं। आने वाले चुनाव में कांग्रेस की स्थिति और मजबूत होगी।

कांग्रेस नेताओं से मिलकर संगठनात्मक मुद्दों पर समीक्षा करने के लिए अजमेर आई रूबी खान ने केसरगंज स्थित शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस एक मजबूत संगठन है और बड़ा परिवार है। छोटी मोटी बातें होती रहती है। अगर किसी को कोई गलत फहमी हुई या मनमुटाव है तो उसे मिलकर दूर करेंगे। सभी का एक ही मकसद है कि कांग्रेस मजबूत हो।

इसके लिए वे यहां आए है और सभी से विचार विमर्श करेंगे और जो भी फीडबेक मिलेगा, उसे आलाकमान तक पहुंचाएंगे। छात्र संघ चुनावों को लेकर रूबी खान ने कहा कि चुनाव हो या न हो, ये अलग बात है, लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस स्टूडेंट्स व युवाओं के साथ है। राहुल गांधी ने छात्रों को सदैव अग्रिम पक्ति में रखा है और उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हैं और मुद्दा भी उठाते हैं। रूबी खान ने यहां कांग्रेसियों से विचार विमर्श भी किया।

इस अवसर पर पार्षद लक्ष्मी बुंदेल, वसीम खान, आरिफ खान, जावेद खान, नरेश सारवान सहित ईश्वर राजोरिया, चंदन सिंह, मुकेश सबलानिया, कौशल चित्तौड़िया, अंकित घारू, नोरत डेनवाल, मुकेश धनवाल, लक्ष्मी धौलखेड़िया, शमसुद्दीन, विनोद नकवाल, विष्णु, मनोज कोटपाल, पुष्पा ट्रेलर, मधु, वेद चौधरी, मुकेश टेलर, बाबू खान, शाहरुख खान, योगेश शर्मा, मास्टर गंगाराम, चंदू पालीवाल, मनीष सैन, पिंटू बोहरा, महेंद्र ओलानिया, नसरुद्दीन कुरैशी, राकेश, उदय, राजू टोनी, सोना धनवानी इत्यादि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**पुष्कर, (निसं)।** तीर्थ नगरी पुष्कर में राजस्थान राजबोहरा बावरी समाज सेवा संस्थान पुष्कर के तत्वाधान में प्रथम राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आज रविवार को जाट विश्राम स्थली में आयोजित किया जा रहा है। अध्यक्ष कैलाश चंद बोहरा ने बताया कि राज बोहरा बावरी समाज सेवा संस्थान पुष्कर के तत्वाधान में प्रथम बार राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन किया जा रहा है जिसमें समाज के काफी संख्या में गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। प्रवक्ता बोहरा ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं व 12वीं में 75 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर में खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तथा गत 1 वर्ष में सरकारी नौकरी में लगे लोगो को सम्मानित किया जाएगा।

## 'चतुर्मास धर्म करने का सीजन है तप जप धर्म आराधना करे'

- विजय महाराज ने धर्म सभा को संबोधित किया

**बिजयनगर, (निसं)।** श्री संभव नाथ जैन श्वेताबर मंदिर महावीर बाजार मे बिराजित आचार्य निपुण रत्न सूरी महाराज के शिष्य मुनिवर राज रत्न विजय महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए बताया कि चतुर्मास यानि धर्म के सीजन में किसान खेती बाड़ी का लाभ नहीं उठाया ध्यान नहीं देवे तो वहा वर्ष हार जाता है वैसे ही चतुर्मास धर्म की ही सीजन है तप जप धर्म आराधना हेतु श्रेष्ठ अवसर है चतुर्मास सिजन में सम्पूर्ण लाभ उठाने वाला वर्ष भर का कार्य साध लेता है बारिश का कारण शरीर भी मंदागनी पाचन शक्ति कम होने का कारण तपस्या अधिक की जा सकती है ब्रह्मचर्य का पालन सुलभ हो जाता है ।विषयो पर नियंत्रण पांचो इंद्रियो पर नियंत्रण करने से मानव जीवन सफल होता है, स्पर्श इन्द्रीय की पराधीनता से हाथी महावत के अंकुश में आ जाता है, रसना खाने के लोभ में मछली कांटे मे फंसकर अपना प्राण खोती है अच्छा सुंघने के लोभ मे भँवरा फुल की खुशबू लेते लेते उसके अंदर मशगुल बन जाता है वह अंदर ही पंखुड़ियाँ में बंद होने से उसकी मृत्यु हो जाती है। इस प्राकर पांचो इंद्रियां व छट्ठा मन रुपी मैनेजर भी अपनों को प्राप्त हुआ है उसका संपूर्ण सद्पुयोग कर जीवन धन्य बनाये चरित्र उज्जवल बनावे।

## श्रेष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर की मायाणी चिकित्सालय आशा गंज में चिकित्सालय की निदेशक वरिष्ठ नागरिक 81 वर्षीय डॉ. रत्ना ठारानी द्वारा चिकित्सालय का मैनेजमेन्ट एवं अन्य व्यवस्थाओं का कार्य संपन्न करने और श्रेष्ठ सेवाओं के लिए शनिवार को सर्वधर्म समिति की ओर से सम्मानित किया गया। डॉ. रत्ना ठारानी राधास्वामी सत्संग डेरा बाबा जैमलसिंह डेरा ब्यास अमृतसर के सन्तो महात्माओ की शिक्षाओ का अनुसरण कर सेवाएं करती आ रही हैं।

## महापुराण कथा का आयोजन आज से

**अजमेर, (निसं)।** भागवत ज्ञान महोत्सव भगवान श्री बद्री नारायण न्यास, छोटी नागफणी, पुष्कर रोड, अजमेर एवं श्री दादी शक्ति सेवा समिति अजमेर के तत्वाधान में 14 से 21 जुलाई श्री राणी सती मंदिर, पंचौली चौराह, रामनगर अजमेर के प्रांगण में भागवत् महापुराण की कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम रविवार सुबह 9 बजे भागवत महापुराण सहित कलश यात्रा, जो बी. के. कॉल नगर, के बांडी नदी के नाले के पास, स्थित मंदिर से आरंभ होगी।

## ब्रह्माकुमारीज द्वारा आध्यात्मिक सेवाओं का आयोजन

**ब्यावर, (निसं)।** दयानगर स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केन्द्र द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर ईश्वरीय ज्ञान और मेडिटेशन सिखाने की सेवा की गई। प्रातःकाल में सुभाष उद्यान में कृष्णा योग मंच के सदस्यों के लिए राजयोग के विशेष सत्र का आयोजन किया गया। बीके रेणु दीदी ने जीवन में खुशियों के लिए विचार रूपी बीज को सशक्त बनाने की बात कही।

उन्होंने बताया कि हमें जीवन में हर वस्तु और सुविधा प्राप्त हुई है उसके लिए भगवान का आभार प्रकट करते रहना है न कि कमियों के लिए शिकायत करनी है ।बीके लोकपाल भाई ने स्वयं की सत्य पहचान बताई कि हम यह शरीर नहीं बल्कि अपितु शरीर को चलाने वाली चैतन्य शक्ति आत्मा है और आत्मा ही कर्मेन्द्रियाँ और मन की मालिक है ।जब हम इस सत्य को जीने लगते हैं तो जीवन में सुख, शांति और स्थिरता अनुभव होने लगती है। कार्यक्रम के समापन पर बीके रेणु दीदी ने मेडिटेशन का अभ्यास करवाया और प्रसाद वितरण किया और बीके परिवार द्वारा दी गई सेवाओं के लिये कृष्णा योग मंच के अध्यक्ष आनंद कुमावत ने आभार व्यक्त किया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, छोटी सराधना एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी में भी आध्यात्मिक सत्रों का आयोजन किया गया।

## 'किसानों को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ'

**अजमेर, (कासं)।** केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को मिलने की मांग को लेकर नागोला ग्राम सेवा सहकारी समिति नागोला के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर सरकार की योजनाओं से वंचित किसानों को लाभ देने की मांग की है।

नागोला ग्राम सेवा सहकारी समिति के उपाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर किसानों को राज्य व केंद्र सरकार की वंचित योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है। शर्मा ने बताया कि भिनाय पंचायत समिति जिला केकड़ी के किसानो को जिनको प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का नया आवेदन करना व मोबाइल नम्बर चेंज करवाना है वो किसान पिछले छह माह से तहसील भिनाय व इमित्रों के चक्कर काट रहे है, जिससे योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। शर्मा ने बताया कि जब से केकड़ी जिला घोषित हुआ है,तब से प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के पोर्टल पर केकड़ी जिले में ब्लॉक भिनाय नहीं दर्शा रहा है, जिससे किसान योजना से वंचित हो रहे है। वंचित किसानो को लाभ मिल सकेगा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बागोट पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन)**

क्रमांक-ग्रा.प./2024-25/22 दिनांक 12.07.2024

**ई निविदा सूचना - 01/2024-25**

ग्राम पंचायत बागोट पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष की 2024-25 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाऐं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB-ZNR2425A0164 UBN-ZNR2425GLRC00210

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत बागोट / पंचायत समिति परबतसर — सरपंच / ग्राम पंचायत बागोट / पंचायत समिति परबतसर

**कार्यालय ग्राम पंचायत बस्सी पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन)**

क्रमांक-ग्रा.प./2024-25/18 दिनांक 12.07.2024

**ई निविदा सूचना - 01/2024-25**

ग्राम पंचायत बस्सी पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष की 2024-25 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाऐं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB-ZNR2425A0166 UBN-ZNR2425GLRC00212

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत बस्सी / पंचायत समिति परबतसर — सरपंच / ग्राम पंचायत बस्सी / पंचायत समिति परबतसर

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढाढोता पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन)**

क्रमांक-ग्रा.प./2024-25/17 दिनांक 11.07.2024

**ई निविदा सूचना - 01/2024-25**

ग्राम पंचायत ढाढोता पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष की 2024-25 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाऐं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB-ZNR2425A0168 UBN-ZNR2425GLRC00214

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत ढाढोता / पंचायत समिति परबतसर — सरपंच / ग्राम पंचायत ढाढोता / पंचायत समिति परबतसर

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुढा पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन)**

क्रमांक-ग्रा.प./2024-25/29 दिनांक 11.07.2024

**ई निविदा सूचना - 01/2024-25**

ग्राम पंचायत गुढा पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष की 2024-25 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाऐं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB-ZNR2425A0170 UBN-ZNR2425GLRC00216

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत गुढा / पंचायत समिति परबतसर — सरपंच / ग्राम पंचायत गुढा / पंचायत समिति परबतसर

**कार्यालय ग्राम पंचायत किनसरिया पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन)**

क्रमांक-ग्रा.प./2024-25/33 दिनांक 11.07.2024

**ई निविदा सूचना - 01/2024-25**

ग्राम पंचायत किनसरिया पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष की 2024-25 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाऐं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB-ZNR2425A0162 UBN-ZNR2425GLRC00208

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत किनसरिया / पंचायत समिति परबतसर — सरपंच / ग्राम पंचायत किनसरिया / पंचायत समिति परबतसर

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोहिण्डी पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन)**

क्रमांक-ग्रा.प./2024-25/33 दिनांक 11.07.2024

**ई निविदा सूचना - 01/2024-25**

ग्राम पंचायत रोहिण्डी पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष की 2024-25 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाऐं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB-ZNR2425A0171 UBN-ZNR2425GLRC00217

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत रोहिण्डी / पंचायत समिति परबतसर — सरपंच / ग्राम पंचायत रोहिण्डी / पंचायत समिति परबतसर

**कार्यालय ग्राम पंचायत धौलादाता पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर)**

क्रमांक-ग्रा.प./महानरेगा/निविदा/2024-25/320 दिनांक-10.07.2024

**ई निविदा सूचना संख्या - 38/2024-25**

ग्राम पंचायत धौलादाता वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य योजनाओं के संचालित निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबंध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 10/7/24 से दिनांक 30/7/24 तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट http:www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाऐं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB No.- ZAJ2324A0195 UBN No.-ZAJ2425GLOB00201

सरपंच / ग्राम पंचायत धौलादाता / पं.स. मसूदा ( अजमेर ) — ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत धौलादाता / पं.स. मसूदा ( अजमेर )

**कार्यालय ग्राम पंचायत पीपलाज पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर)**

क्रमांक-ग्रा.प./महानरेगा/निविदा/2024-25/325 दिनांक-10.07.2024

**ई निविदा सूचना संख्या**

ग्राम पंचायत पीपलाज वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य योजनाओं के संचालित निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबंध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 10/7/24 से दिनांक 30/7/24 तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट http:www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाऐं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB No.- ZAJ2324A0196 UBN No.-ZAJ2425GLOB00202

सरपंच / ग्राम पंचायत पीपलाज / पं.स. मसूदा ( अजमेर ) — ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत पीपलाज / पं.स. मसूदा ( अजमेर )

**कार्यालय ग्राम पंचायत शिवपुरा घाटा पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर)**

क्रमांक-ग्रा.प.शिव/महानरेगा/निविदा/2024-25/331 दिनांक-10.07.2024

**ई निविदा सूचना संख्या - 40/2024-25**

ग्राम पंचायत शिवपुरा घाटा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य योजनाओं के संचालित निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबंध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 10/7/24 से दिनांक 30/7/24 तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट http:www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाऐं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB No.- ZAJ2324A0197 UBN No.-ZAJ2425GLOB0203

सरपंच / ग्राम पंचायत शिवपुरा घाटा / पं.स. मसूदा ( अजमेर ) — ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत शिवपुरा घाटा / पं.स. मसूदा ( अजमेर )

**आम सूचना**

मेरी माता लाडा पत्नि प्रहलाद जाति खाती निवासी माला की मृत्यु दिनांक 7-8-2001 को मेरे निवास स्थान माला में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्दाज ग्राम पंचायत भोगादित में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता लाडा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।

-प्रार्थी हरीराम पुत्र प्रहलाद जाति खाती निवासी माला तह. अरांई ( अजमेर )

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/92157 DATE:- 09.07.2024

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/4093 दिनांक: 12-07-2024

**सार्वजनिक सूचना**

श्री अभिषेक पुत्र श्री अशोक कुमार जी सोनी, ने क्षेत्र नं. 8, लेबर कॉलोनी सोमनाथ कॉलोनी मकान नं. 30ए क्षेत्रफल 110.41, वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री श्रीधर शर्मा पुत्र श्री स्वरूपचन्द जी के नाम दर्ज है। रजि. बेचान-नामा दिनांक 21.10.2022, व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर परिषद कुचामनसिटी**

Email : eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in, munibkcity@gmail.com फोन नं. 01586-220022, 01586-221526

क्रमांक :— न.प.कु./2024—25/1957 दिनांक :—12.07.2024

**लोक सूचना**

निम्नलिखित आवेदको द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर—कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :—

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री गोरधन पुत्र केशाराम जाति कुमावत | तहसील कुचामनसिटी, जिला डीडवाना—कुचामन | कुचामन सिटी | 1797 | 1.5700 Hq.में से 0.0900 हैक्टयर |
| 2. | श्री कल्याण सिंह पुत्र अमर सिंह, श्री चेतन सिंह, राम सिंह पुत्र मदन सिंह जाकम सोलंकी | तहसील कुचामनसिटी, जिला डीडवाना—कुचामन | टोरडा | 1338/447 | 1.2687 Hq. |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90—क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर—भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर—भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 12.07.2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
आयुक्त नगर परिषद कुचामनसिटी